तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

4
आवेदन मिलते ही स्कूल परिसर से बेजा कब्जा हटाने चला बुलडोजर

खबर संक्षेप

स्टेशन परिसर में चाकूबाजी, युवक घायल

रायगढ़ । रेलवे स्टेशन में लूट की कोशिश का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया । अज्ञात बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर उसे चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक, लोहरसिंग निवासी 34 वर्षीय संपत खड़िया उर्फ गनपत 5 अप्रैल 2026 को अपने ससुराल जाने के लिए रायगढ़ से खरसिया गया था । 6 अप्रैल को वह उत्कल एक्सप्रेस से वापस रायगढ़ लौटा और दोपहर करीब 3 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचा । यात्रा की थकान के चलते वह स्टेशन परिसर में ही सो गया । इसी बीच रात्रि करीब 08-09 बजे के मध्य 2-3 अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और पेन्ट शर्ट के जेब को चेक करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उन लोगो ने उसके साथ गाली गलौज की और रेलवे स्टेशन के बाहर आने पर जान से मारने तक की धमकी दे डाली। इसी बीच जब उसने अपना बचाव करने का प्रयास किया तब तीनों ने मिल कर उसके साथ मारपीट की और उसमे का एक व्यक्ति अपने पास रखे चाकू से पेट में वार कर दिया। जिसके बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों केखिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है।

बनखेता स्टाप डेम में डूबा उद्योगकर्मी

रायगढ़। घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बनखेता स्टाप डैम में एक उद्योगकर्मी डूब गया। उसकी तलाश के लिए गोताखोरों की टीम बुलाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश महंत निवासी भेंड्रो सनस्टील प्लांट में काम करता था, वह बनखेता स्थित स्टाप डैम के पास गया हुआ था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डैम में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए उसकी तलाश के लिए रायगढ़ से गोताखोरों की टीम को सूचित किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक रायगढ़ से गोताखोरों की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी।

शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण, गिरफ्तार

रायगढ़। महिला थाना की टीम ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है, उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। बीते 8 अप्रैल को 45 वर्षीय पीड़िता ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वर्ष 2019 से घरेलू विवाद के कारण अपने पति से अलग होकर बच्चों के साथ रह रही है। इसी दौरान आरोपी धमेन्द्र पासवान जो उसके घर आता.जाता था, धमेन्द्र ने उसे सहारा देने एवं शादी करने का आश्वासन दिया, जिसके झांसे में आकर वह उसके संपर्क में आई। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2022 में आरोपी उसे रायगढ़ स्थित अपने किराए के मकान में ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद कई बार संबंध बनाए फिर आरोपी ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया और आरोपी को अंबिकापुर से गिरफ्तार किया गया।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

रायगढ़। घरघोड़ा-छाल मार्ग पर एक सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बर्रा चौकी जोबी, थाना खरसिया निवासी संजय दास महंत अपने चचेरे भाई गोपाल दास महंत के साथ 8 अप्रैल को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बीजी 7524 से चिमटापानी गांव शादी का कार्ड वितरण करने गए थे । कार्ड बांटने के बाद दोनों दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच वापस अपने गांव लौट रहे थे । इसी दौरान घरघोड़ा-छाल रोड स्थित चावल गोदाम के सामने छाल की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एआर 9400 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।

डिजिटल सिस्टम से होगा वितरण, पंजीकृत रकबे में ही मिलेगा खाद

उर्वरक के लिए भी एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य बिना फार्मर आईडी के नहीं मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और कालाबाजारी रोकने के लिए शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए फॉर्मर आईडी अनिवार्य कर दी गई है। यानी जिस किसान की फॉर्मर आईडी होगी, उसे ही समितियों से यूरिया समेत अन्य खाद मिल सकेगा। इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सही किसानों तक सही मात्रा में खाद पहुंचना है. ताकि अनियमित वितरण और ब्लैक मार्केटिंग को रोका जा सके।

यह व्यवस्था 2026-27 के खरीफ सीजन से लागू होगी। गौरतलब है कि पिछले खरीफ सीजन के लिए एग्री स्टेक को अनिवार्य किया गया था। इसी तरह आगामी सीजन के लिए खाद वितरण में फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। अब यूरिया समेत दूसरी खाद खरीदने के लिए किसानों के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है। इस नई व्यवस्था के तहत खाद वितरण प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम के जरिए पूरा किया जाएगा । इसमें किसान को उसकी जमीन और फसल के आधार पर तय मात्रा में खाद ही दी जाएगी। यानी खाद का वितरण किसान की जमीन और फसल के हिसाब से तय किया जाएगा।

शासन के अनुसार इस व्यवस्था से किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद मिलेगी और गलत इस्तेमाल पर असरदार रोक लगेगी।

रजिस्ट्रेशन नहीं तो खाद और योजनाओं से भी होंगे वंचित

इस संबंध में सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें न सिर्फ यूरिया और डीएपी मिलने में दिक्कत होगी, बल्कि कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाएगा, जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, सहकारी समितियां से खाद वितरण और सरकारी खरीद केंद्रों पर फसल की खरीद का लाभ भी किसान नहीं ले पाएंगे. इन सभी सुविधाओं के लिए अब फार्मर आईडी जरूरी कर दी गई है।

जिले में 83 हजार 529 पंजीकृत किसान

आंकड़ों के अनुसार जिले में 83 हजार 529 पंजीकृत किसान हैं । विभाग की माने तो फॉर्मर आईडी पंजीकृत किसान की पहचान होगी। इससे किसानों को बैंक लोन, सब्सिडी और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। इसके तहत पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्मर आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड, जमीन से जुड़े डॉक्यूमेंट, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर जैसे जरूरी दस्तावेज ले जाने होंगे।

फार्मर आईडी अनिवार्य

किसानों को फॉर्मर आईडी बनाना शासन ने अनिवार्य कर दिया है। यह पंजीकृत किसान की पहचान होगी, जिससे उसे कृषि संबंधित योजनाओं में लाभ, सब्सिडी और लोन आसानी से मिल सकेगा।

अनिल वर्मा
उप संचालक कृषि, रायगढ़

ट्रेन से सफर करने वालों में 20 फीसदी से अधिक की कमी

रद्द ट्रेनें और लेटलतीफी ने तोड़ा यात्रियों का भरोसा,14 फीसदी घट गई आमदनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ट्रेनों के लगातार लेट होने और विभिन्न कारणों से समय समय पर रद्द होने के कारण रायगढ़ सहित क्षेत्रवासियों का अब रेल यात्रा से मोह भंग होने लगा है। वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 के आंकड़ों में नजर डाले तो इस दौरान औसतन 20 फीसदी तक यात्रियों की संख्या में गिरावट देखने को मिली है। जिससे रेलवे को होने वाली पैसेंजर इनकम में भी कमी आई है। उद्योग नगरी में तेजी से बढ़ रही जीडीपी व जीएसटी के बीच रेल यात्रियों की संख्या में यह गिरावट चिंताजनक है।

रायगढ़ जिला में सैकड़ों की संख्या में उद्योग हैं, जिसकी वजह से रायगढ़ में बिहार, उत्तरप्रदेश, ओडिशा, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से आने वाले भी काफी संख्या में निवास करते हैं, साथ ही स्थानीय व्यापारी भी कलकत्ता, मुंबई जैसे महानगरों में व्यापार के सिलसिले में जाते रहते हैं। बीते कुछ महीनों से लगातार किसी न किसी सेक्शन में रेलवे प्रबंधन मरम्मत कार्य आदि के नाम से यात्री ट्रेनों को रद्द करता आ रहा है। वहीं पैसेंजर से लेकर सुपरफास्ट तक अपने निर्धारित समय से रोजाना विलंब से पहुंच रही है। जिसके कारण रेलयात्रियों की संख्या कम होने लगी है। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो वर्ष 2025-26 में वर्ष 2024-25 की तुलना में टिकटों की संख्या, मांग, यात्रियों की संख्या और आय में लगातार गिरावट हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 94 हजार 904 टिकटों की बिक्री हुई थी। जिससे रेलवे को 6 करोड़ 91 लाख 41 हजार 129 रूपए की आय प्राप्त हुई थी। वहीं 1 लाख 76 हजार 608 यात्रियों ने सफर किया था। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 67 हजार 46 टिकटों की बिक्री हुई, वहीं 1 लाख 39 हजार 831 यात्रियों ने सफर किया। यानी बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 में 27 हजार 858 कम टिकट बिके, साथ ही 36 हजार 777 कम यात्रियों ने सफर किया है। इस तरह से देखा जाए तो टिकट बिक्री के साथ रेलयात्रियों की संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में टिकटों की बिक्री में औसतन 23 फीसदी और यात्रियों की संख्या में औसतन 20 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। इसी प्रकार आय में भी औसतन 13 से 14 फीसदी की गिरावट आई है।

आए दिन रद्द हो रही गाडियां, यात्री परेशान

यात्री गाडियों के आए दिन किसी न किसी कारण से रद्द होने के साथ लेटलतीफी से यात्री भारी परेशान हैं, इसके अलावा यात्री गाडियों को रोक मालगाडियों को रवाना करने की परंपरा ने और भी परेशानी खडी कर दी है। रायगढ क्षेत्र में ही अक्सर सुपरफास्ट को भी छोटे रेलवे स्टेशन सहित आउटर में रोक कर मालगाड़ियों को रवाना किया जाता है और यात्री ट्रेनों को घंटो तक रोके रखा जाता है। रेलवे ट्रैक में मरम्मत कार्य सहित अन्य कार्यों के लिए ब्लॉक के दौरान यात्री ट्रेनों को रद्द किए जाने से हजारों यात्री सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। इन सब वजहों से लगातार यात्रियों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत, युवती घायल

घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अमलीडीह मोड की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसमें सवार पति पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसा। इस घटना में एक युवती भी गंभीर से घायल हो गई।

घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 12 अप्रैल को अपरान्ह करीब 4 बजे घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अमलीडीह रोड पर घटित हुई है। तेज रफ्तार ट्रेलर ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया और खेत में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार पति.पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई।

इस हादसे में एक अन्य युवती भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया हैए जहां उसका इलाज जारी है। वही पुलिस ने मृतकों की पहचान गुड्डू पटेल और रजनी पटेल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे पुसौर क्षेत्र के बिजना गांव के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

वेल्डिंग की चिंगारी से भूसे में लगी आग, कई झुलसे, ऑपरेटर गंभीर

रायगढ़। जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सहदेवपाली स्थित सावित्री राइस मिल में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। वेल्डिंग कार्य के दौरान निकली चिंगारी से पास में रखे भूसे में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस आगजनी में मिल का ऑपरेटर गंभीर रूप से झुलस गया, जबकि करीब आधा दर्जन श्रमिक भी आग में झूलस गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 12 अप्रैल को दोपहर मिल परिसर में श्रमिक वेल्डिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान वेल्डिंग की चिंगारी पास में रखे सूखे भूसे में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां काम कर रहे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वे इसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में मिल के ऑपरेटर मोहम्मद कासिम बुरी तरह झुलस गए, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं अन्य घायल श्रमिकों भी झूलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा.तफरी मच गई और तत्काल एंबुलेंस को सूचना देकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मोहम्मद कासिम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

शादी के दूसरे ही दिन मातम, हादसे में गई दूल्हे की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक अपनी शादी के बाद अपने तीन दोस्तों के साथ ट्रैक्टर से पास के ही गांव में टेंट का सामान छोड़ने जा रहा था, इसी बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया वहीं उसके दोस्तों को भी काफी चोंटे आई।

गंभीर हालत में युवक को रायपुर ले जाया गया, लेकिन उसकी जान न बच सकी। इस हादसे में पूरा परिवार सदमें में है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देवांगन सिदार उम्र 35 वर्ष गौरेला पेंड्रा में बिजली विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर था। कुछ दिनों पहले ही हुई शादी हुई थीए सभी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह टेंट के सामान को वापस करने के लिए शाम करीब साढ़े 5 बजे अपने चाचा संजय सिदार के ट्रैक्टर से तीन दोस्तों सीमोन एक्काए सुशील एक्का और द्वारिका सिदार के साथ जा रहा था। इसी बीच सतीपारा सरपंच घर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक देवांगन सिदार उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पत्थलगांव शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर किया गया था। रायपुर ले जाते समय रात करीब 11 बजे उसने दम तोड़ दिया। इस हादसे में उसके तीन दोस्तों को हल्की चोटें आई हैं।

पत्थर लोड ट्रैक्टर पलटी दबकर मजदूर की मौत

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमरगीडी में पत्थर लोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पत्थर लोड ट्रैक्टर रामपुर से जमरगीडी मार्ग के खतरनाक घाट में उतरते समय अचानक अनियंत्रित हो गया। कुछ देर में ट्रैक्टर सड़क किनारे जाकर पलट गई। इस दौरान ट्राली में सवार ग्राम जबगा निवासी रामप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 55 वर्ष भारी भरकतम पत्थरों के नीचे दब गया । घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। काफी मशक्कत के बाद रामप्रसाद विश्वकर्मा को पत्थरों से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ परिजन घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, वहीं घटना स्थल पर वन विभाग के अधिकारी भी पहुंचे।

कूलर पंखे के साथ पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं

डिग्री कॉलेज के पीजी हॉस्टल में समस्याओं का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय किरोडीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के पीजी हॉस्टल में काफी लंबे समय से समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। ऐसे में इनके निराकरण के साथ सुविधाओं में विस्तार की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने प्राचार्य से भेंट की और इस दिशा में शीघ्र पहल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में विद्यार्थियों ने बताया कि पीजी हॉस्टल में साफ-सफाई का अभाव है, यहां नियमित रूप से सफाई नहीं होती है, जिसकी वजह से गंदगी पसरी रहती है। इसके साथ ही हॉस्टल में आधे से ज्यादा लाइट पंखे भी खराब हैं। वहीं क्लास संचालन के लिए टेबल व कुर्सियां भी टूटी हुई हैं, जिन्हें काफी समय बाद भी बदला नहीं गया है। पीजी हॉस्टल में पानी की समस्या काफी समय से बनी हुई है, जिसे अब तक सुधारा नहीं जा सका है, जबकि इसके लिए कई बार मौखिक और लिखित दोनों तरह से मांग की जा चुकी है। यह बिल्डिंग काफी पुरानी हो चुकी है, जिसकी वजह से काफी जर्जर अवस्था में पहुंच गया है।

ऐसे में इस भवन को अब मरम्मत की दरकार है। इसके अलावा कॉलेज के मुख्य गेट के सामने स्पीड ब्रेकर के निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक ब्रेकर का निर्माण नहीं हो सका है। हॉस्टल भवन में कई गेट टूटे हुए हैं और खिडकियां भी टूट गई हैं, जिनकी मरम्मत की मांग की जा चुकी है, लेकिन मरम्मत कराने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विद्यार्थियों ने निर्धारित समय के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी कॉलेज प्रबंधन को दी है।



मामूली विवाद में की युवक की हत्या, 2 को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में दो लोगों ने मिलकर अपने ही एक साथी की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। जिससे इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। इस मामले में अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

मामले का संक्षिप्त विवरण देते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के रैरूमा चौकी खुर्द के अंतर्गत आने वाले ग्राम सकरलिया का है। जहां आरोपी रत्थू राम राठिया 60 साल एवं सीताराम राठिया 35 साल, ने श्याम लाल राठिया को नॉनवेज अकेले खा लेने का आरोप लगाते हुए लाठी-डंडे से पीट दिया, जिससे श्याम लाल के सिर और चेहरे में गंभीर चोट आई थी। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।इस मामले में मृतक के पिता की रिपोर्ट के बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने सुनवाई पश्चात दोनों आरोपी रत्थू राम राठिया और सीताराम राठिया को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए एक-एक हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया।

खबर संक्षेप

सरकार गांव विकास के लिए संकल्पित : चौधरी

रायगढ़। प्रदेश का बजट पेश करने के उपरांत असम चुनाव में सघन प्रचार कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने वाले विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी दो दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर है इस क्रम में पुसौर मंडल स्थित ग्राम टिनमिनी में गांव चलो अभियान के तहत क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद स्थापित कर उनका हाल चाल जाना। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं को साझा किया। ओपी चौधरी ने आम जनता की आश्वत करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की साय सरकार गांव के विकास एवं जनकल्याण कार्यों के प्रति संकल्पित है।

अस्पताल पहुंचकर जाना पार्षद का हाल

रायगढ़। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वार्ड नंबर 8 की पार्षद ज्योति यादव से किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल में मुलाकात कर स्वास्थ्य गत हाल चाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की।

विकास योजना के ऑनलाइन क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण 16 को

अम्बिकापुर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के ऑनलाइन क्रियान्वयन के संबंध में सरगुजा संभाग के सभी जिलों के विधायकों के निज सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, समस्त क्रियान्वयन एजेंसियों तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल को जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य योजना के प्रभावी एवं सुचारू ऑनलाइन क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

राशन कालाबाजारी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : राजेश

अंबिकापुर। लखनपुर, उदयपुर क्षेत्र में राशन की कालाबाजारी और संचालकों की मनमानी को लेकर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कार्रवाई के निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि मनमानी करने वाले सभी दुकान सचालकों को बदला जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बता दें कि लखनपर, उदयपुर क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों से लगातार शिकायत मिल रही है कि हितग्राहियों का अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र में संचालकों द्वारा बड़े पैमाने पर राशन की कालाबाजारी की जा रही है। क्षेत्र के हितग्राहियों द्वारा लगातार इस तरह की शिकायतें की जा रही है लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

13 वर्षो से फरार चल रहा नक्सली झारखंड से गिरफ्तार

अम्बिकापुर। बलरामपुर पुलिस ने नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। सामरीपाठ पुलिस ने 13 वर्षों से फरार चल रहे माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य स्थायी वारंटी मुन्ना कोरवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। माओवादी संगठन के सदस्य को पुलिस ने झारखण्ड के भंडरिया से पकड़ा है। बताया जा रहा है कि 9-10 फरवरी 2012 की रात नक्सलियों ने झारखंड के लातेहार महुआडांड भुगलूडीह हाल कुमार कुसमी के ग्राम पुन्दाग निवासी 25 वर्षीय लखु यादव आ. लक्ष्मण यादव को बंधक बनाकर मारपीट की थी। उस दौरान नक्सली दस्ता में मुख्य सदस्य गढ़वा भंडरिया सरूवत निवासी 25 वर्षीय इकबाल यादव आ. मिट्ठू यादव की बात लखू यादव द्वारा नहीं मानने परनक्सलियों ने लखू यादव पर गोली चलाई थी लेकिन वह किसी तरह भाग निकला और अपनी जन बचाई। लखू यादव ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद सामरीपाठ थाना में पुलिस ने भादवि की धारा 147, 148, 149, 342, 395, 307, 232, 120 (बी) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था।

ड्राइवर-कंडक्टर समेत 3 गिरफ्तार, गया से लाई गई थी खेप

जशपुर से रायगढ़ जा रही बस की डिक्की से 48 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए तपकरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जशपुर से रायगढ़ जा रही वासुदेव यात्री बस की डिक्की से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की भारी खेप बरामद की गई है। पुलिस ने मौके से बस के ड्राइवर, कंडक्टर और खलासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई न केवल तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल करती है, बल्कि सार्वजनिक परिवहन के जरिए फैलते नशे के नेटवर्क की भी गंभीर तस्वीर सामने लाती है।

10 अप्रैल की रात करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि जशपुर से तपकरा होते हुए रायगढ़ जा रही वासुदेव बस क्रमांक सीजी-13 क्यूं-1800 में प्रतिबंधित कफ सिरप छुपाकर ले जाई जा रही है।सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए थाना तपकरा के सामने मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी कर दी। रात 11:45 बजे बस को रोककर बारीकी से तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बस की डिक्की से दो झोलों में रखे चार कार्टून बरामद हुए। इनमें 480 बोतल (100-100 एमएल),कुल 48 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप दवा कोडीन फास्फेट + ट्राइपोलिडिन हाइड्रोक्लोराइड बाजार में इसकी कीमत करीब 96,720 आंकी गई है। इस कार्रवाई में थाना तपकरा के सहायक उप निरीक्षक रामजी साय पैंकरा,प्रधान आरक्षक अजय कुमार लकड़ा, आरक्षक महेंद्र पैंकरा, किशुन कुमार, रूपेश यादव और लोकेश ठाकुर की अहम भूमिका रही।

रायगढ़ में खपाने की थी योजना

कार्रवाई के दौरान बस स्टाफ ने पहले खुद को पूरी तरह अनजान बताया लेकिन पुलिस की सख्त और मनोवैज्ञानिक पूछताछ के आगे उनकी एक न चली।आरोपियों ने कबूल किया कि यह खेप बिहार के गया से लाई गई थी और इसे रायगढ़ में खपाने की योजना थी।

आरोपी सीधे जेल गए

मामले में थाना तपकरा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(C) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बसंत पटेल उम्र 33 वर्ष कंडक्टर, बगुडेगा (लैलूंगा, रायगढ़), सतीश कुमार चौहान उम्र 45 वर्ष खलासी, नैला जूना तलाब (जांजगीर-चांपा), भोला राम उम्र 46 वर्ष ड्राइवर, कंडोरा (कुनकुरी, जशपुर) को इस मामले में गिरफ्तार किया है। तस्करी में इस्तेमाल बस को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। शुरुआती जांच में यह मामला किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है और साफ कर दिया है कि इस धंधे से जुड़े किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा।

लाखों रुपए के गांजे के साथ तस्कर पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पुलिस ने नगर में चार पहिया वाहन में गांजा तस्करी करते दो आरोपियों को पकड़ा है। लैलूंगा पुलिस एवं पत्थलगांव पुलिस की संयुक्त प्रयास से उन्हें पकड़ने में सफलता हासिल हुई।

लैलूंगा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिल्ली नंबर की गाड़ी में काफी मात्रा में गांजा की तस्करी की जा रही है। पुलिस उक्त बताए गए वाहन पर नजर रखी हुई थी जैसे ही लैलूंगा पुलिस को उक्त गाड़ी दिखाई दी तो पुलिस ने उसका पीछा किया। पुलिस को पीछा करते देख गांजा तस्करों ने अपनी गाड़ी की स्पीड बढ़ाकर भागने लगे। पुलिस ने जिले की पुलिस को भी गांजा तस्करों को पकड़ने के लिए सूचित किया इसके बाद गांजा तस्कर को पत्थलगांव थाना क्षेत्र की पुरानी बस्ती में एसडीओपी ने पकड़ लिया।

एक तस्कर भागने में कामयाब रहा जिसे कुछ ही देर बाद पुलिस ने पास से ही पकड़ लिया। गाड़ी को पत्थलगांव थाने लाया गया जहां काफी मात्रा में गांजा गाड़ी से बरामद किया गया एवं दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए विवेचना में लिया।

लू से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

जशपुरनगर। भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा ग्रीष्म ऋतु में तीव्र गर्मी और तापमान वृद्धि को देखते हुए लू (तापघात) से बचाव एवं तैयारी संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं।

लू के दौरान सिर में भारीपन, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, पसीना न आना, भूख कम लगना तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर ठंडे पानी की पट्टी लगाना, तरल पेय पिलाना, शरीर पर ठंडा पानी छिड़कना तथा शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की सलाह दी गई है। अत्यधिक गर्मी में शरीर में पानी और नमक की कमी मुख्य कारण बताया गया है। इसलिए अनावश्यक बाहर न निकलने, सिर और कान ढकने, सूती कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने, ओआरएस का उपयोग करने तथा दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप से बचने को कहा गया है। जारी निर्देशों में नागरिकों से घर को ठंडा रखने, पर्दे और पंखों का उपयोग करने, बीमारी महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाने और जानवरों को छाया-पानी उपलब्ध कराने की अपील की गई है। नियोक्ताओं को मजदूरों के लिए ठंडा पानी, शेड, समय-सारणी में बदलाव और विश्राम अवधि बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान ठंडे जैकेट, पर्याप्त पानी, सनग्लास और सनस्क्रीन का उपयोग करने को कहा गया है। वरिष्ठ नागरिकों से घर में रहने, भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचने तथा किसी भी लक्षण पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने को कहा गया है। राज्य स्तर पर सरकार नोडल अधिकारी नियुक्त कर लू की स्थिति की समीक्षा करेगी। सार्वजनिक स्थानों पर वाटर एटीएम और पेयजल की व्यवस्था करने। मनरेगा में कार्य समय परिवर्तित करने और छाया स्थलों के निर्माण के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, प्याऊ केंद्रों की स्थापना और अस्पतालों में बिजली-पानी व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया है।

नगरीय निकायों को बेघर और जोखिमग्रस्त समूहों की पहचान कर पानी और अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराने, शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा ताप कम करने वाले उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लू प्रभावितों के परीक्षण, ओआरएस उपलब्धता और 108-104 सेवाओं की तत्परता सुनिश्चित करेगा।

विधायक गोमती ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

ग्राम पंचायत नकबार में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में विधायक गोमती साय शामिल हुईं। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने पारंपरिक गीत एवं नृत्य के साथ उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा।

■ नकबार में स्नेह मिलन कार्यक्रम

इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आश्वस्त किया। साथ ही, शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई, ताकि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। विधायक गोमती साय ने कहा कि ग्रामीणों का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के हर गांव और हर बस्ती के समग्र विकास के लिए वे निरंतर कार्य करती रहेंगी। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, उपसरपंच अरविंद गुप्ता, सरपंच इमिरिसिया टोप्पो, जनपद सदस्य निराला टोप्पो, समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भाजपा के गांव चलो-बस्ती चलो अभियान से बढ़ा जनविश्वास

जशपूरनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित "गाँव चलो-बस्ती चलो" अभियान के तहत जशपुर शहर मंडल के भागलपुर, बरटोली एवं पुरनानगर क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क किया गया। इस दौरान जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभों के बारे में अवगत कराया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से जोड़ने का प्रयास भी किया गया। इस दौरान बूथ स्तर के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। विधायक रायमुनि भगत ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के हर वर्ग तक पहुँचकर उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए तत्पर रहें। अभियान के दौरान कार्यक्रम प्रभारी रूपेश सोनी, नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष अरविंद भगत, मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, विनोद निकुंज, मुकतेश्वर इंदवार, देवधन नायक, पिंटू गोस्वामी, प्रतिमा भगत, रविंद्र पाठक, संतन भगत, विजेता भगत, कमला सन्यासी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

■ सरकारी योजनाओं का लाभ घर घर पहुंचाने का लक्ष्य

14 लोगों ने हिंदू धर्म में की घर वापसी

जशपुरनगर। जिले के बागबहार मुड़कटी सरना स्थापना वर्षगांठ दिवस के अवसर पर बागबहार क्षेत्र के रेडे में भव्य एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल में सराबोर हो गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश्वर सिंह (प्रांत संगठन मंत्री, अखिल भारतीय कल्याण आश्रम), धनियारो परहा, वेदप्रकाश भगत, मनिजर राम, आलोक सारथी ,रविन्द्र शिखर, मीना चौहान, अनिल भगत, आनंद शर्मा एवं अनूप गुप्ता सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सरना स्थल पर पूजा-अर्चना, पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया।इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण रही 4 परिवारों के 14 सदस्यों की हिंदू धर्म में घर वापसी, जिसे पूरे विधि-विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने इसे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता की दिशा में एक अहम कदम बताया।अतिथियों ने अपने संबोधन में सरना परंपरा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर जोर देते हुए समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

■ मुड़कटी सरना स्थापना वर्षगांठ पर भव्य आयोजन

अम्बिकापुर में प्रदर्शनी, जशपुर उद्यान विभाग ने लगाए स्टाल

जशपुरनगर। जिला सरगुजा अंबिकापुर) के ग्राम सरगवां में आयोजित कार्यक्रम संकल्प 2026 प्रदर्शनी में जिले के किसानों की उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों के साथ सक्रिय भागीदारी देखी गई। दिनांक 10 से 12 अप्रैल 2026 (तीन दिवसीय) कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र से संबंधित 100 से अधिक कंपनियों के स्टाल, उन्नत फसल प्रदर्शनी, तथा कृषि विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार एवं तकनीकी चर्चाएं आयोजित की गई है। कार्यक्रम के दौरान जशपुर जिले से पहुंचे किसानो ने आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों, ग्राफ्टेड फसलों एवं नवीन खेती तकनीकों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में उद्यानिकी फसलों की जीवंत प्रदर्शनी दिखाई गई, साथ ही विशेषज्ञों द्वारा फसल प्रबंधन, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। किसानों ने इन जानकारियों को गंभीरता से लेते हुए अपने क्षेत्रों में अपनाने की इच्छा व्यक्त की। ग्राम सरगवां में आयोजित यह कार्यकम न केवल किसानों के लिये ज्ञानवर्धक साबित होगा बल्कि विभिन्न जिलो के किसानों के बीच आपसी सहयोग और अनुभव साझा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। संकल्प 2026 निश्चित रूप से कृषि क्षेत्र में नवाचार और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जो किसानों को आधुनिक कृषि की ओर अग्रसर कर रहा है।

वरदान साबित हो रही खमगड़ा जलाशय परियोजना

गर्मी में भी लहलहा रही धान की फसल, किसानों को मिल रहा निशुल्क पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

एक ओर जहां पूरे जिले के खेतों में वीरानी और सूखी जमीन दिख रही है, वहीं गर्मी के मौसम में कोतबा के सैकडों किसानों के खेत में धान की खड़ी फसल लहलहा रही है। 2005 में बने खमगड़ा जलाशय का लाभ किसानों को मिल रहा है। इस बार करीब 2 हजार एकड़ से अधिक में किसानों ने धान की फसल की है, जो परिपक्व होने जा रहे हैं।

क्षेत्र में खमगड़ा जलाशय परियोजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं परियोजना के प्रति प्रशासन के गंभीर नहीं होने से किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कोतबा क्षेत्र जिले के सबसे अधिक धान उत्पादक क्षेत्र में शामिल है। पिछले 20 वर्षों में इस क्षेत्र से अधिक धान का उत्पादन और कहीं नहीं हुआ। इस क्षेत्र के किसान गर्मी के दिनों में भी पूरी फसल लेने का प्रयास करते हैं और यह संभव हुआ है, खमगड़ा जलाशय परियोजना से परियोजना के कई सार्थक और सकारात्मक पक्ष हैं, जिससे किसानों को बड़ी अपेक्षा रहती है। इस वर्ष लगभग 2 हजार से अधिक एकड़ में किसानों ने धान की फसल की है और धान परिपक्व हो रहे हैं, जिसकी कटाई मई माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो जाएगी और मई माह में किसान कटाई के साथ नई फसल का स्वाद भी ले लेंगे। खमगड़ा जलाशय परियोजना वर्ष 2005-2006 में पूर्ण हुई थी, जिसके बाद से किसानों को सिंचाई विभाग के द्वारा निःशुल्क पानी दिया जा रहा है। 2 हजार एकड़ में जहां धान की फसल लहलहा रही है, वहीं कई किसानों ने मूंगफली सहित अन्य मौसमी फसल भी लिए हुए हैं।

यह पहला क्षेत्र जिले में है, जहां हर वर्ष अप्रैल माह में हरियाली देखने को मिलती है और किसान अपने खेतों और फसलों के रखरखाव में सक्रिय देखे जाते हैं। परियोजना का निर्माण लगभग 18 करोड़ की लागत से किया गया था।

कई किसान वंचित

एक ओर जहां परियोजना के सकारात्मक पक्ष हैं, वहीं कई किसान परियोजना के मेंटेनेंस नहीं होने के कारण योजना से वंचित हैं। बरसात के मौसम में क्षेत्र के किसान करीब 5 हजार से अधिक एकड़ में धान की फसल करते हैं, वहीं गर्मी के दिन में किसान 2 हजार एकड़ में ही धान की फसल करते हैं, जिसका कारण योजना का विस्तार नहीं किया जाना है। दर्जनों किसान ऐसे हैं, जिनके खेतों में अलग से नहर, केनाल नहीं बनने के कारण पानी नहीं पहुंच पाता है। यदि केनाल निर्माण के साथ मेंटेनेंस नहर पिचिंग कार्य में ध्यान दिया गया तो गर्मी के दिनों में भी यहां हर वर्ष 5 हजार एकड़ से अधिक खेत में खेती के कार्य हो सकते हैं।

नहीं हो रहा सही उपयोग

किसान निरंजन बंजारा, गणेश चौधरी, ललित साहू, मलधिहा साहू ने बताया कि कई बार विभागीय सक्रियता नहीं होने के कारण विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है और कभी पानी एक ही क्षेत्र में अधिक हो जाता है, तो कई बार जरूरत वाले स्थान पर पानी नहीं पहुंच पाता है। वहीं कांग्रेस नेता पंकज शर्मा का कहना है कि विभाग के द्वारा करोड़ों की योजना को बेकार किया जा रहा है और निगरानी नहीं होने के कारण बांध का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।

निर्माण अधूरा, नहीं देना पड़ता कर

खमगड़ा परियोजना से पिछले करीब 20 वर्षों से किसान निःशुल्क पानी प्राप्त कर रहे हैं। विभागीय उदासीनता और प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण प्रतिवर्ष मनरेगा से लाखों रुपये से नहरों की साफ-सफाई करनी पड़ती हैं. और बरसात के बाद स्थिति ज्यों कि त्यों हो जाती.जिसके कारण मनरेगा के तहत किये जाने वाले लाखों रुपये व्यर्थ हो जाते है। इधर नहरों में पिचिंग कार्य नही होने से किसानों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।अधिक तेज बहाव होने कारण नहरों के मेड टूट जाते है जिससे किसानों को खुद मेहनत कर रख-रखाव करना पड़ता हैं।

भेजा गया है प्रस्ताव

लाईनिंग कार्य के लिए प्रशासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। भूअर्जन प्रकरण के मामले अटके हुए हैं जिसके परियोजना को पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं मिला है। पूर्णता नहीं होने के कारण आगामी कार्य स्वीकृत नही हो रहे हैं जिसके कारण प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल रही हैं। टैक्स नहीं लिया जा रहा है। भूअर्जन का मुआवजा मिलने के बाद ही आगामी कार्य की स्वीकृति मिलेगी।

-**नरेंद्र सिंह**, एसडीओ, जलसंसाधन विभाग, पत्थलगांव

फिल्म 'मातृभूमि' से नया गाना जारी, नए चेहरे आए नजर...

मुंबई। सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर खबरों में छाए हैं। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले अप्रैल, 2026 में रिलीज होनी थी, लेकिन अब रिलीज अगस्त तक आगे बढ़ा दी गई है। इस बीच, अभिनेता ने लोगों में फिल्म का उत्साह बनाए रखने के लिए नया गाना 'मेरा जी नहीं भरा' जारी किया है। हालांकि, इसमें चित्रांगदा सिंह के साथ वह खुद नजर नहीं आए हैं, बल्कि 2 नए चेहरों का परिचय कराया गया है। 'मेरा जी नहीं भरा' गाने को श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। यह गाना 2 नए चेहरों जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया है, जो फिल्म में अहम किरदारों में नजर आएंगे।

लाइफ Style

कल्याणी

मधुबाला की बायोपिक में निभाएंगी लीड रोल

पर्दे पर भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत अदाकारा मधुबाला की जिंदगी को उतारने की तैयारी तेज हो गई है। लंबे समय से चर्चा थी कि फिल्म 'धुरंधर 2' फेम सारा अर्जुन इस बायोपिक में लीड रोल निभाएंगी, लेकिन अब कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आ गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन की जगह अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन के नाम पर मोहर लगा दी गई है। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत करेंगी, जिन्होंने इससे पहले आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा अभिनीत बेहतरीन फिल्म 'डार्लिंग्स' का निर्देशन किया था। प्रोडक्शन हाउस के एक सूत्र ने जूम को बताया कि भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक को भव्य श्रद्धांजलि देने के लिए बनाई जा रही इस फिल्म के निर्माता, कल्याणी को कास्ट करने के लिए काफी उत्सुक हैं। 'लोकाह' की अखिल भारतीय सफलता के बाद कल्याणी निर्माताओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। अभिनेत्री की बढ़ती लोकप्रियता, उनकी स्वाभाविक मासूमियत और पर्दे पर उनके जादू ने उन्हें इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए एकदम फिट बना दिया है। कल्याणी मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेत्री लिजी की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2017 में अखिल अक्किनेनी के साथ फिल्म 'हेलो' से की थी। उन्होंने यूं तो कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों के दिल जीते, लेकिन पिछली बार डोमिनी अरुण की फिल्म ' 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' से वो रातों-रात स्टार बन गई थीं।

हॉलीवुड मसाला

टेलर- ट्रैविस की शादी की तारीख तय

लॉस एंजिल्स। पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स के साथ अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबर है कि उन्होंने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं, दोनों ने शादी में शामिल होने के लिए करीबी दोस्तों और परिवार को 'सेव द डेट' निमंत्रण भी भेज दिए हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है।

'एक्सट्रैक्शन 3' के साथ वापसी करेंगे हेम्सवर्थ

लॉस एंजिल्स। मार्वल की फिल्मों में 'थॉर' बनकर लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी चर्चित फ्रैंचाइजी फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' की तीसरी कड़ी की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सैम हरग्रेव ने संभाली है, जिन्होंने पहली 2 फिल्मों का निर्देशन भी किया था। पटकथा डेविड वेइल द्वारा लिखी जा रही है। 'एक्सट्रैक्शन 3' के जरिए क्रिस अपने लोकप्रिय किरदार 'टायलर रेक' के साथ वापसी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'एक्सट्रैक्शन 3' के प्रोडक्शन का काम जून, 2026 में शुरू किया जा सकता है। फिल्म की शूटिंग के लिए निर्माताओं ने मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के कुछ हिस्सों की रेकी की है।

विक्की की 'महावतार' में होंगी शामिल

मुंबई। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी के निर्देशक अमर कौशिक अपनी महात्वकांक्षी परियोजना 'महावतार' के लिए श्रद्धा कपूर से बाचीत कर रहे हैं। अगर सब कुछ तय हो जाता है तो फिल्म की शूटिंग जून, 2026 से शुरू की जा सकती है। सूत्र ने कहा, श्रद्धा इस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। टीम ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थी जो स्टार वैल्यू और दमदार उपस्थिति ला सके। निर्माताओं को उम्मीद है कि विक्की कौशल के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी।विक्की कौशल के लिए साल 2025 बेहद शानदार साबित हुआ। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने भारत में करीब 800 करोड़ के आसपास कारोबार करते हुए उन्हें सफलता दिलाई। अब फैंस की नजरें अभिनेता की अगली फिल्म 'महावतार' पर टिकी हुई हैं। म

मां को बचाने एक बेटे की जद्दोजहद...

मुंबई। आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत फिल्म 'मर्सी' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिंच मिक्स थिएटर में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था। 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है। मितुल पटेल ने 'मर्सी' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। 'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु के संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म है। ट्रेलर शेखर (राज वासुदेवा) की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो अपनी बीमार मां को बचाने के लिए हर जद्दोजहद करता है। बाद में उसे उनके दुखों को दूर करने के लिए एक दर्दनाक फैसला लेना पड़ता है।

टीवी मसाला

रामायण का 'कुंभकर्ण', जिसकी मौत पर रोई पूरी दुनिया...

मुंबई। टीवी इतिहास के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक रामायण में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपने किरदारों को अमर बना दिया इन्हीं में से एक थे नलिन दवे, जिन्होंने कुंभकर्ण का रोल निभाकर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। उनकी दमदार एक्टिंग का असर ऐसा था कि लॉकडाउन के दौरान जब शो दोबारा प्रसारित हुआ, तो कुंभकर्ण के वध का दृश्य देख लोग भावुक हो उठे। अफसोस की बात यह है कि इतनी लोकप्रियता पाने वाले नलिन दवे आज इस दुनिया में नहीं हैं और महज 50 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

कुंभकर्ण बनकर मिली अलग पहचान

नलिन दवे मूल रूप से गुजराती फिल्म इंडस्ट्री और थिएटर से जुड़े हुए थे। उन्होंने कई फिल्मों और नाटकों में काम किया, लेकिन जो पहचान उन्हें कुंभकर्ण के किरदार से मिली, वह किसी और प्रोजेक्ट से नहीं मिल सकी। उनके मजबूत शरीर और भारी आवाज ने इस किरदार को जीवंत बना दिया। 'कुंभकर्ण' सिर्फ एक राक्षस नहीं बल्कि समझदार और सच्चाई बोलने वाला भाई भी दिखाया गया, जिसने रावण को कई बार समझाने की कोशिश की। यही वजह रही कि दर्शकों ने इस किरदार को दिल से अपनाया और आज भी उसे याद करते हैं।

ऐसे शूट हुआ था कुंभकर्ण का वध सीन

रामानंद सागर के निर्देशन में बने इस शो में उस दौर की सीमित तकनीक के बावजूद कमाल के इफेक्ट्स दिखाए गए। लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने खुलासा किया था कि कुंभकर्ण के वध वाले सीन में क्रोमा तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। शरीर के अलग-अलग हिस्सों को दिखाने के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस से हाथ, सिर और धड़ के मोल्ड तैयार किए गए थे। जब तीर लगने का दृश्य फिल्माया गया, तो ये मोल्ड अलग-अलग गिरते हुए दिखाए गए। सिर काटने के सीन के लिए पानी के टैंक और क्रोमा इफेक्ट का सहारा लिया गया। सीमित संसाधनों के बावजूद इस सीन को इतनी बारीकी से शूट किया गया कि आज भी यह दृश्य दर्शकों को भावुक कर देता है।

रैना के शो 'स्टिल अलाइव' ने मचाया तहलका...

मुंबई। चर्चित स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर खबरों में छाए हुए हैं। इसकी वजह यूट्यूब की दुनिया में उनकी धमाकेदार वापसी है, जो साल 2025 में हुए 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। करीब एक साल से ज्यादा वक्त तक स्टैंड-अप कॉमेडी से दूर रहने के बाद रैना ने अपने नए शो 'स्टिल अलाइव' से वापसी की। दिलचस्प बात ये है कि उनके इस नए शो ने इंटरनेट पर धूम मचाकर रख दी है।

24 घंटे में मिले करोड़ों व्यूज

:'स्टिल अलाइव' को कॉमेडियन के यूट्यूब चैनल पर 7 अप्रैल को रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो ने 24 घंटे के अंदर 2.20 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल करते हुए भारतीय यूट्यूब कॉमेडी के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वीडियो ने यूट्यूब पर 2.40 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो उनके अभी तक किसी भी वीडियो को मिले व्यूज के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं।

'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का दिया संकेत

: 'स्टिल अलाइव' के जरिए रैना ने फैंस को अपने मुश्किल वक्त की दास्तां सुनाई है। शो के आखिर में वह भावुक भी हो गए और 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवाद के बाद अपने संघर्ष का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक वीडियो की वजह से उन्हें लोगों की ट्रोलिंग और धमकियों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, फैंस उस वक्त खुश हो गए, जब उन्होंने वीडियो के आखिर में 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का संकेत दिया।



सनी देओल की नई फिल्म 'लखन', वही गुस्सा; वही पावर और 'सीटी-मार' एक्शन का नया डोज

मुंबई। 'गदर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी अगली एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए 'किल' के निर्देशक निखिल नागेश भट्ट के साथ हाथ मिलाया है, जिसका नाम 'लखन' रखा गया है। सनी एक बार फिर अपने धाकड़ अवतार से दर्शकों को मनोरंजित करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म की शूटिंग के लिए कमर कस चुके हैं।

सिनेमाघरों में फिर बजेंगी सीटियां

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लखन' में सनी का वही पुराना और रौद्र रूप लौटने वाला है। इस फिल्म को एक भव्य एक्शन एंटरटेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें

रोंगटे खड़े कर देने वाले एक्शन सीक्वेंस और दमदार डायलॉग्स की भरमार होगी। फिल्म में कई ऐसे दृश्य होंगे, जो दर्शकों को सिनेमाघरों में झूमने पर मजबूर कर देंगे। निर्देशक ल्म के जरिए सनी को फिर उनके पूरे 'एक्शन मोड' में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

फिल्म के निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्टिंग, एक्शन डिजाइन और प्री-प्रोडक्शन का काम काफी तेज गति से चल रहा है। एक सूत्र ने खुलासा किया, ये एक बड़े स्तर की एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जो हाई-एनर्जी और दर्शकों को खुश करने वाले पलों से भरपूर होगी। इसमें सनी देओल के कई ऐसे सीक्वेंस होंगे, जिन्हें देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

एक में 'लखन' और 'रामायण' में हनुमान बनेंगे सनी

एक तरफ जहां सनी अपनी फिल्म 'लखन' से एक्शन के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वो नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी फिल्म 'रामायण' को लेकर भी चर्चा में हैं। ये महागाथा 2 भागों में रिलीज की जाएगी, जिसमें सनी 'भगवान हनुमान' के बेहद शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर (राम), साईं पल्लवी (सीता), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) जैसे दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।

भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए अप्रैल महीने में उत्सव

रामचरण का टशन और अक्षय की कॉमेडी, इन फिल्मों पर टिकीं सबकी निगाहें

मुंबई। अप्रैल का महीना भारतीय सिनेमा के शौकीनों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' के साथ हंसी का तड़का लगेगा, तो वहीं ग्लोबल स्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' से एक्शन का तूफान आएगा। अप्रैल यानी इस महीने कुल 7 ऐसी बड़ी फिल्में दर्शकों के बीच होंगी, जिन पर दर्शकों और ट्रेड पंडितों की पैनी निगाहें टिकी हुई हैं।

'डकैत' और 'लव इंश्योरेंस कंपनी'

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत 'डकैत' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। ये मूल रूप से तेलुगू फिल्म है, जिसे बड़े स्तर पर हिंदी में भी रिलीज किया गया है। 'डकैत' के साथ ही निर्देशक विग्नेश शिवन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' भी रिलीज हुई है, जिसमें प्रदीप रंगनाथन और कृति शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'लव टूडे' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद प्रदीप रंगनाथन फिर अपने अनूठे अंदाज में लौट आए हैं।

'भूत बंगला'

सिनेमा प्रेमियों के लिए 17 अप्रैल की तारीख भी बेहद खास होने वाली है, क्योंकि इस दिन 'भूत बंगला' के साथ बॉलीवुड की सबसे सफल जोड़ियों में से एक अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन पूरे 14 साल के लंबे इंतजार के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित ये फिल्म हॉरर-कॉमेडी जॉनर की है, जिसमें अक्षय दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ डराएंगे भी। राजपाल यादव और परेश रावल भी इसका हिस्सा हैं।

'पेड्डी'

आरआरआर की वैश्विक सफलता के बाद राम चरण फिर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और शारीरिक कायाकल्प से दर्शकों को हैरान करने आ रहे हैं। इस फिल्म में वो एक पहलवान की भूमिका में हैं। जाह्नवी कपूर फिल्म की हीरोइन हैं। ये फिल्म भी 30 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राम चरण का अलग अवतार पहले ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है।

'कारा' और 'केडीः द डेविल'

उधर 30 अप्रैल को आ रही 'कारा' एक ऐसी क्राइम एक्शन थ्रिलर है, जिसमें धनुष की कलाकारी और विग्नेश राजा की बेहतरीन रोमांचक मेकिंग का तालमेल दिखेगा। 'रायन' के बाद धनुष की इस फिल्म पर पूरे दक्षिण भारतीय सिनेमा की नजरें टिकी हुई हैं। दूसरी ओर कन्नड़ इंडस्ट्री अपना अगला बड़ा पैन-इंडिया दांव 'केडीः द डेविल' के रूप में चलने जा रही है। फिल्म में ध्रुव सरजा और बॉलीवुड से संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं।

खबर संक्षेप

गीत गुनगुनाने की आशा चली गई : ओपी

रायगढ़। पद्म विभूषण से अलंकृत मधुर वाणी महान गायिका आशा भोसले के निधन के समाचार पर शोक व्यक्त करते हुए रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा भारतवासियों के दिल से गीत गुनगुनाने की आशा ही चली गई। उनका निधन भारतीय संगीत के लिए अपूरणीय क्षति है। मधुर सुरीली आवाज और असाधारण प्रतिभा के दम पर आशा ने दशकों तक हर महिलाओं युवाओं बुजुर्गों के दिलों में खास जगह बनाई और असंख्य अविस्मरणीय गीतों से संगीत जगत को नई बुलंदियाँ दीं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं प्रशंसकों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

कुडुमकेला पहुंचे जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान

रायगढ़। गांव चलो अभियान के तहत जिला भाजपाध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कुडुमकेला मंडल के ग्राम घरघोड़ी में मौजूद हितग्राहियों से संवाद किया। इस दौरान प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी योजनाओं को साझा किया। ग्रामीण विकास के लिए साय सरकार एवं गांव के विकास एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आज तक

सारंगढ़। युवाओं के उच्च शिक्षा के विभिन्न कोर्स के प्रवेश परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 अप्रैल, प्रीबीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल, प्रीपॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। सभी प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

सारंगढ़ तहसील के गांवों में राजस्व शिविर आज

सारंगढ़। जिले में 13 अप्रैल को राजस्व शिविर सारंगढ़ तहसील के ग्राम खैरा छोटे, पहंदा, कटेली, खरी बडे, बरमकेला तहसील के ग्राम कटंगपाली ब, हिर्री, खम्हरिया, तरेकेला, कोकबहाल, बिर्नीपाली, आमाकेनी बड़े, सरिया तहसील के ग्राम नौघटा, पिहरा, लिप्ती, लुकापारा बिलाईगढ़ तहसील के बिलाईगढ़, भटगांव तहसील के ग्राम डोकरीडीह, पिरदा, टेड़ीभदरा, गिरसा, सरसीवा तहसील के ग्राम बालौदी, पण्डरीपाली, पीपरडुला, मुछमल्दा, धौराभाठा, सिहरजोर, किसड़ा और कोसीर उप तहसील के कुम्हारी में किया जायेगा, जहां राजस्व कार्य जैसे सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि का निराकरण होगा।

युवक संघ के कार्यों की वित्त मंत्री ने की सराहना

रायगढ़। रामनिवास टॉकीज के पास युवक संघ द्वारा आम जनता के लिए ठंडा पानी एवं शरबत की व्यवस्था करने की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि युवक संघ यह कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने कुछ देर रूककर खुद ही अपने हाथों से आने जाने वालों को पानी व शरबत दिया। उल्लेखनीय है कि युवक संघ द्वारा राहगीरों के लिए विगत कई वर्षों से ठंडे पानी के साथ शरबत की व्यवस्था की जाती है।

मड़कड़ी में राजस्व पखवाड़ा, शिविर में पहुंचे अफसरों ने की कार्रवाई

आवेदन मिलते ही स्कूल परिसर से बेजा कब्जा हटाने चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम पंचायत मड़कड़ी में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। खास बात यह है कि शिविर में आमजन की समस्याओं का निराकरण तो किया ही गया, स्कूल परिसर में बेजा कब्जा संबंधी आवेदन मिलते ही प्रशासन की टीम ने तत्काल जांच की और जेसीबी बुलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायत मड़कड़ी के सरपंच नंदू पटेल द्वारा एक महत्वपूर्ण शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसमें स्कूल परिसर से लगी लगभग आधा एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा होने की जानकारी दी गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। पटवारी द्वारा मौके पर नक्शा एवं राजस्व अभिलेखों का सत्यापन किया गया, जिसमें अतिक्रमण की पुष्टि हुई। इसके पश्चात प्रशासन ने बिना विलंब किए जेसीबी मशीन की सहायता से मौके पर ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अतिक्रमण हटने से स्कूल परिसर के विस्तार एवं भविष्य में होने वाले शैक्षणिक विकास कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है। शिविर का संचालन एसडीएम प्रफुल्ल रजक की उपस्थिति में किया गया, जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी एवं अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारी पूरी सक्रियता के साथ मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम ने मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया।

जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की हुई कारवाई।

विभिन्न राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण

शिविर में 21 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई महत्वपूर्ण राजस्व प्रकरण शामिल थे। इनमें प्रमुख रूप से जाति प्रमाण पत्र में सुधार, ऋण पुस्तिका गुम होना, बी 1 एवं खसरा रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार आपसी बंटवारा, रिकॉर्ड संशोधन, फौती नामांतरण, रकबा त्रुटि सुधार, खाता विभाजन, जैसे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं संतोषजनक समाधान किया गया।

22 गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों को मिला सीधा लाभ

इस राजस्व शिविर के माध्यम से कुल 22 गांवों के ग्रामीणों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ। बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर स्थल पर पहुंचे और उन्होंने अपनी भूमि, रिकॉर्ड एवं राजस्व से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। प्रशासन द्वारा अधिकांश मामलों का निराकरण मौके पर ही किया गया, जिससे लोगों को समय, श्रम और धन की बचत हुई। यह पहल विशेष रूप से उन ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित हुई, जिन्हें पहले छोटे छोटे कार्यों के लिए बार बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे।

जनता के द्वार तक प्रशासन : एसडीएम

एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने शिविर के संबंध में कहा कि राजस्व पखवाड़ा शिविर का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाए ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अतिक्रमण के मामलों में प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है और शासकीय भूमि को मुक्त कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

वित्त मंत्री चौधरी ने एएलएस एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने आज अपने विधायक निवास से एडवांस लाइफ सपोर्ट एएलएस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सक्शन मशीन, सिरिंज पंप, पेशेंट मॉनिटर, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह एम्बुलेंस जिला चिकित्सालय में तैनात रहेगी और गंभीर मरीजों के लिए आपात स्थिति में जीवन रक्षक साबित होगी।

- गंभीर मरीजों के लिए बनेगी लाइफलाइन, आधुनिक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि सामान्यतः बेसिक लाइफ सपोर्ट बीएलएस एम्बुलेंस अधिक संख्या में उपलब्ध होती हैं, लेकिन एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या सीमित रहती है। इसी कमी को देखते हुए और चिकित्सकों के सुझाव के आधार पर यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि कई बार गंभीर मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में रेफर करते समय रास्ते में ही स्थिति बिगड़ जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह एएलएस एम्बुलेंस मरीजों को निरंतर चिकित्सा सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जानकारी दी कि लगभग 46 लाख रुपए की लागत से विधायक निधि के माध्यम से इस एम्बुलेंस को उपलब्ध कराया गया है। इसे स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है, जिससे रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस सुविधा से अब रायगढ़ से रायपुर जैसे बड़े चिकित्सा केंद्रों में मरीजों को रेफर करना अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। पहले एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सुविधा की कमी के कारण कई बार गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था, जिसे अब काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। इस एम्बुलेंस की खास बात यह है कि इसका उपयोग आम नागरिक भी कर सकेंगे। इस अवसर पर महापौर नगर निगम जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल, डीएचओ डॉ. भानु पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अभा अघरिया समाज तमनार की बैठक जांजगीर में संपन्न

तमनार। अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र तमनार की बैठक 11 अप्रेल शनिवार को ग्राम जांजगीर परिक्षेत्र आमगांव में हुई। इस मौके पर समाजिक आत्मीयजनों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में दुलेन्द्र पटेल ने विषयों की जानकारी एवं दिनेश चौधरी ने सामाजिक कार्यशाला आयोजन के संबंध में विगत दिनों ग्राम लालपुर में आयोजित बालसभा में लिए गए निर्णयानुसार सामाजिक नियमावली के परिपालन के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा परिचर्चा कर

कार्यशाला आयोजन करने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यशाला आयोजन शनिवार 25 अप्रैल प्रातः9 बजे ग्राम्य भारती परिसर धौराभांठा में होगा। बैठक में अध्यक्ष याद लाल नायक, दिनेश चौधरी, घनीराम चौधरी, ईश्वर नायक, दुलेन्द्र पटेल, राजकुमार चौधरी, तेज राम नायक आदि उपस्थित थे।

अंगदेव बने ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष

चंद्रपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन में फेरबदल के तहत चंद्रपुर के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता अंगदेव यादव को डभरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैदू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि गभेल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में व चंद्रपुर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजू यादव की अनुशंसा पर की गई।

एसएसपी ने किया एनर्जी कप 2026 वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य वॉलीबॉल संघ एवं जिला वॉलीबॉल संघ रायगढ़ द्वारा एनटीपीसी लारा में आयोजित एनर्जी कप 2026 अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केशव चंद्र सिंघा रॉय रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जाकिर खान श्रीमती रेखा ठाकुर अध्यक्ष, प्रेरिता महिला समिति सहित समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य, प्रतिभागी खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में हरियाणा स्पाइकर ने छत्तीसगढ़ पुलिस को हराकर शानदार जीत दर्ज की, जिससे टूर्नामेंट की रोमांचक शुरुआत हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें जबलपुर रेलवे, प्रयागराज, एनटीपीसी लारा रायगढ़, रायपुर, हरियाणा स्पाइकर, भुवनेश्वर, गुजरात तथा छत्तीसगढ़ पुलिस शामिल हैं।

खरसिया में जनमन पत्रिका का निःशुल्क वितरण

खरसिया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं समसामयिक विषयों पर आधारित जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित मासिक जनमन पत्रिका का खरसिया क्षेत्र में निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने पत्रिका की सराहना करते हुए इसे जन जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया। पाठकों ने कहा कि जनमन पत्रिका न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि इसमें शासन की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं समसामयिक विषयों की जानकारी सरल एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत की गई है। इस अवसर पर छाया विधायक खरसिया महेश साहू ने कहा कि जनमन पत्रिका शासन की योजनाओं एवं प्रेरणादायक सफलताओं को सरल और प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। अमित साहू, श्रीमती कुंती साहू, शंकर लाल साहू, छवि शंकर साहू, कैलाश शर्मा, डिग्री लाल सिदार, सूरज पटेल एवं नितेश बरेठ सहित अन्य नागरिकों ने भी जनपद पत्रिका की सराहना की।

निर्माण कार्यों में लापरवाही निरीक्षण में पहुंचे जिपं सीईओ ने लगाई फटकार

- तकनीकी सहायक और एजेंसी को नोटिस जारी करने के आदेश

कटेली। जिला पंचायत सारंगढ़ के सीईओ ने निर्माण कार्यो का जायजा लेने ग्राम पंचायत बछोरडीह और धाराशिव पहुंचे। इस दौरान नाली, सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी को लेकर उन्होंने संबंधितों को जमकर फटकार लगाई। विगत दिवस दौरे पर निकले जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन ने बछोरडीह में निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत बन रही नाली और सीसी रोड में गंभीर खामियां उजागर हो गईं। नाली निर्माण में गुणवत्ता का अभाव साफ दिखाई दिया, वहीं सीसी रोड का एलाइनमेंट भी गड़बड़ी पाई गई। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सार्वजनिक शौचालय की हालत भी बेहद खराब पाई गई। इन सभी खामियों को देखकर सीईओ इंद्रजीत बर्मन ने मौके पर ही निर्माण एजेंसी के लोगों को जमकर फटकार लगाई। इंद्रजीत बर्मन जिला सीईओ ने साफ शब्दों में कहा कि सरकारी योजनाओं में लापरवाही और घटिया निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यो में गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत धाराशिव में चल रहे चेक डैम निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। यहां भी हालात संतोषजनक नहीं थे। जिस पर उन्होंने संबंधित तकनीकी सहायक और निर्माण एजेंसी के खिलाफ तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जनपद पंचायत बिलाईगढ़ को दिए। इस कार्रवाई के बाद विभागीय अधिकारियों और एजेंसियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने स्पष्ट तौर पर दो टूक संदेश दिया। जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि है। मानक से किसी भी प्रकार का समझौता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

कलेक्टर ने डॉ बिहारी लाल साहू से पाण्डुलिपि संरक्षण के संबंध में की चर्चा

- ज्ञान भारत मिशन : पुराने हस्तलिखित रचनाओं को सहेजने का देशव्यापी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला से जुड़े ग्राम चांटीपाली के विद्वान डॉ बिहारी लाल साहू से शुक्रवार को भेंट मुलाक़ात कर उनसे ज्ञान भारत मिशन के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर ने उन्हें प्राचीन हस्तलिखित धरोहर पांडुलिपियों, कृति संरक्षण में सहयोग देने की अपील की। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू ने भी योजना के व्यावहारिक पक्ष की जानकारी दी। डॉ बिहारी लाल साहू ने कहा कि यह अंचल सांस्कृतिक दृष्टि से संपन्न क्षेत्र है। यहाँ मूलभाषा छत्तीसगढ़ के साथ उड़िया एवं अन्य जनजातीय भाषाओं को प्रचलन है। यह अंचल छत्तीसगढ़ का पूर्वी द्वार है सांस्कृतिक द्वार है। उल्लेखनीय है किए ज्ञान भारत मिशन भारत की

विशाल हस्तलिखित धरोहर को संरक्षित करने, उसका डिजिटलीकरण करने और उसे प्रसारित करने की एक राष्ट्रीय पहल है, जो भावी पीढ़ियों के लिए परंपरा और प्रौद्योगिकी को एकीकृत करती है। इस मिशन के लिए 482.85 करोड़ रुपए 2024-31 आवंटित किए गए हैं और कृति संपदा डिजिटल भंडार में पहले से ही 44.07 लाख से अधिक पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण किया जा चुका है। पांडुलिपियां हमारे देश की एक ऐसी समृद्ध और बौद्धिक संपन्नता का वह अद्भुत खजाना हैं जो भारत को और देश से अलग बनाता है। भक्ति काल से लेकर समय के चक्र के परिवर्तन के साथ साहित्य उपन्यास और हस्तलिखित लेखों की एक विस्तृत सामग्री भारत के विभिन्न विभिन्न हिस्सों में मौजूद है। यह पुराने हस्तलिखित रचनाओं को सहेजने का देशव्यापी अभियान है जिसमें विश्व गुरु काल की कृति को डिजिटल युग में संरक्षित करने की कोशिश भारत के द्वारा की जी रही है।

भगवान की महिमा सुनकर परम पद प्राप्त कर सकते हैं : आचार्य रमाकांत

छाल। छाल तहसील अंतर्गत ग्राम बहेरामार में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिवस व्यास आचार्य रमाकांत महाराज ने परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए भागवत भक्ति की महिमा बताई।

उन्होंने कहा कि कलयुग में घर परिवार छोड़कर तपस्या करना संभव नहीं है इसलिए यहां भगवान की महिमा सुनकर ही परम पद को प्राप्त किया जा सकता है। महाराज ने अपने संगीत मय भागवत कथा के माध्यम से छत्तीसगढ़ी और हिंदी में सरल भाषा में लोगों को समझाते हुए बताया कि घर बार छोड़ना जरुरी नहीं, बस मन को ईश्वर की ओर मोड़ना जरुरी है। इसके पहले दिन की कथाओं में उन्होंने सुदामा चरित्र, कृष्णरास लीला, गोवर्धन पूजा, बाललीला आदि का विस्तार से वर्णन किया। अंतिम दिवस हवन सहस्त्र धारा के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन हुआ। कथा श्रवण करने प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।